**स्पाइसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**सुगंध भवन, पालारिवट्टम.**
**कोचिन -682 025, केरल**

**सं विपणन/स्पाइसेस बोर्ड/रायबरेली/ईओआई/कार्यालय जगह/2024** **05.07.2024**

**रायबरेली के मसाला पार्क में कार्यालय जगह के लिए निर्मित क्षेत्र का किराए पर देने के लिए बोली का आमंत्रण**

स्पाइसेस बोर्ड ने उत्तरप्रदेश के रायबरेली , हरचंदपुर में एक मसाला पार्क स्थापित किया है। मसाला पार्क में सामान्य बुनियादी सुविधाओँ जैसे परिसर की दीवार, आतंरिक सड़के, जल एवं विद्युत आपूर्ति आदि के अलावा सामान्य अवसंरचना सुविधा जैसे पुदीना आसवन इकाई, गोदाम, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला, बैंक इमारत आदि है।

अब, बोर्ड मसाला पार्क रायबरेली में कार्यालय जगह के लिए निर्मित क्षेत्र का किराए पर देने के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियाँ आमंत्रित करती हैं । पट्टे पर देने वाली क्षेत्रों का विवरण निम्नलिखित है:

भूतल पर स्थित 25X34 वर्ग फीट का भवन स्थान

पहली मंज़िल पर स्थित 26X35 वर्ग फीट का भवन स्थान

इच्छुक फर्म जो पार्क का परिदर्शन करना चाहते हैं, वे निम्नलिखित पते पर प्रभारी अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं -

सहायक निदेशक,
मसाला पार्क, दतौली ग्राम,
हरचंदपुर पी.ओ, रायबरेली,
उत्तरप्रदेश- 229303
मोबाइल: 9450159231
ईमेल: spicesboardrbly@gmail.com

**निर्मित क्षेत्र का किराए पर देने कि निबंधन व शर्तें**

1. सुविधा 'जैसा है जहाँ है' शर्त पर किराए पर दी जाएगी।
2. सुविधा सौपने की तारीख से एक वर्ष के लिए भवन स्थान किराए पर दिया जाएगा।
3. स्पाइसेस बोर्ड भुगतान करने पर यथानुपाद आधार पर सुविधाओं को जल और बिजली उपलब्ध कराएगा।
4. सुविधा उस बोली आवेदक को किराए पर दिया जाएगा जिसने प्रति माह सबसे अधिक किराया उद्धृत किया हो और साथ ही बोर्ड के अन्य नियमों व शर्तों को पूरा किया हो।
5. उच्चतम बोली लगाने वाले को बोर्ड से प्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के 15 दिनों के अंतर बोर्ड के साथ एक अनुबंध निष्पादित करना होगा।

6. उच्चतम बोली लगाने वाले को, प्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के बाद, बिजली, किराया आदि के किसी भी अवैतनिक भुगतान के खिलाफ गारंटी के तौर पर तीन महीने के किराए के बराबर ब्याज मुक्त प्रतिभूतिजमा और रु. 25,000/- की जमानत राशि का भुगतान बोर्ड के प्राप्ति खाते में ऑनलाइन बैंक अंतरण के माध्यम से करना होगा।

7. बोर्ड को सुविधाएं सौपते समय बिना ब्याज के प्रतिभूति राशि और जमानत राशि वापस कर दी जाएगी। अनुबंध के साथ प्रतिभूति राशि जमा करनी होगी।

8. उच्चचम बोली लगाने वाले को अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 15 दिनों के अतंर और प्रतिभूति राशि जमा करने के बाद सुविधा पर कब्जा कर लेना होगा।

9. यदि अनुबंध की तारीख से 15 दिनों के अंतर कब्जा नही लिया जाता है, तो इसे निविदा शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा और बोर्ड को अन्य पात्र फर्म/अभिकरण को सुविधा पट्टे पर देने का अधिकार है।

10. अठारह प्रतिशत जीएसटी सहित मासिक किराया स्पाइसेस बोर्ड को प्रत्येक अगले महीने की पाँच तारीख को या उससे पहले भुगतान किया जाएगा।

11. सुविधाएं किसी अन्य फर्म को उप किराए पर नही दी जाएगी।

12. बोर्ड बिना कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार/रद्द करने का अधिकार रखता है।

13. यदि सुविधाओं का तीन महीने से अधिक समय तक लगातार उपयोग नही किया जाता है या समय पर मासिक किराया का भुगतान नही किया जाता है तो बोर्ड पट्टा समाप्त कर देगा।

**अन्य निवंधन**

1. बोली आवेदन संलग्नक-1 के अनुसार दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

2. बोली प्रस्तुत करने के लिए ईएमडी लागू नहीं है। हालाँकि , बोलीदाताओं को संलग्नक-2 में दिए गए निर्धारित प्रारूप में बोली सुरक्षा घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।

3. बोली एक सीलबंद लिफाफे में भेजना चाहिए जिसके ऊपर '**रायबरेली के मसाला पार्क में कार्यालय जगह की स्थापना के लिए निर्मित क्षेत्र का किराए पर देने के लिए बोली**' लिखकर "**सहायक निदेशक, स्पाइसेस पार्क, दत्तौली ग्राम, हरचंदपुर पी.ओ, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229303"** पते पर **27.03.2024** को **शाम 5 बजे** या उससे पहले भेजना चाहिए।

4. बोली **30.07.2024** को **सुबह 11.00 बजे स्पाइसेस पार्क, रायबरेली** में बोलीदाताओं, यदि कोई हो, की उपस्थिति में खोली जाएगी।

**स्थान: कोच्ची**
**तारीख: 05.07.2024**

**ह.**
**निदेशक(विपणन)**

**संलग्नक-1**

**रायबरेली के मसाला पार्क में कार्यालय जगह के लिए निर्मित क्षेत्र का किराए पर देने के लिए बोली प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक/फर्म का नाम | |
| 2 | आवेदक का पता साथ में मोबाइल सं और ईमेल आईडी | |
| 3 | संपर्क व्यक्ति का विवरण, मोबाइल सं और ईमेल आईडी | |
| 4 | जीएसटी पंजीकरण का विवरण, पीएएन कार्ड (कृपया प्रमाण संलग्न करे) | |
| 5 | स्थान की आवश्यकता का विवरण | |
| 6 | उद्धृत मासिक किराया | उद्धृत मूल राशि रु......................./-<br>18% जीएसटी रु........................./-<br>कुल मासिक किराया रु................./- |

**स्थान :**

**तारीख :**

**(हस्ताक्षर)**
**व्यक्ति का नाम**
**पदनाम**
**(मोहर)**

**(फर्म के लैटर हैड में)**

**बोली-सुरक्षा घोषणा**

निदेशक (विपणन)
स्पाइसेस बोर्ड, सुगंध
भवन, एन.एच. बाई पास,
पालारिवट्टम, कोच्चिन,
केरल- 682025

संदर्भ:

स्पाइसेस बोर्ड के ______________________________ के लिए निविदा सूचना।
............................स्पाइसेस पार्क में _____________________________ सुविधा के लिए हमारी बोली .....................
दिनांक..................

मैं/हम............................................. अप्रतिसंहरणीय रूप से निम्नानुसार घोषित करता/करती हूँ/करते हैं:

मैं/हम समझता/समझती हूँ/समझते हैं कि, निविदा के खंड के अनुसार, हम बयाना जमा (ईएमडी) के बदले एक बोली सुरक्षा घोषणा संलग्न कर रहे हैं।

मैं/हम एतदद्वारा स्वीकार करता/करती हूँ/करते हैं कि मैं/हम आपके साथ किसी भी अनुबंध के लिए बोली लगाने से अयोग्यता की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य हो सकता/सकती हूं /सकते हैं जैसा कि आपके द्वारा अधिसूचित किया जाए (क्षति या किसी अन्य कानूनी सहारा दावा करने के स्पाइसेस बोर्ड के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना) यदि,

1) मैं/हम बोली शर्तों के तहत किसी भी दायित्व का उल्लंघन कर रहा/रही हूँ/रहे हैं
2) मेरे/हमारे द्वारा बोली के फॉर्म में निर्धारित बोली वैधता अवधि या विस्तृत अवधि के दौरान मेरी/हमारी बोली वापस ली जाती है/हैं या एकपक्षीय रूप से आशेधित/संशोधित/पुनरीक्षित की जाती है, यदि कोई हो तो।
3) स्पाइसेस बोर्ड द्वारा हमारी बोली स्वीकार करने पर, मैं/हम अनुबंध निष्पादित करने के लिए निर्धारित सुरक्षा जमा जमा करने में विफल रहा/रही/रहे या निबंधन और शर्तों के अनुसार और विनिर्दिष्ट समय के भीतर कार्य का निष्पादन प्रारंभ करने में विफल रहा/रही/रहे।

हस्ताक्षर:

बोली-सुरक्षा घोषणा पर हस्ताक्षर करने वाला
प्राधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पदनाम

दिनांक _____________ दिन _________________ माह, ________ वर्ष